# पद्म पुरस्कार 2025

## चर्चा में क्यों?

बिहार से सात लोगों को प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों **के लिये चयनित किया गया,** जिनमें प्रख्यात **गायिका शारदा सिन्हा, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी** और प्रख्यात **सामाजिक कार्यकर्त्ता आचार्य किशोर कुणाल शामिल हैं।**

## मुख्य बिंदु

- **विजेताओं की घोषणा:**
  - केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पद्म पुरस्कार विजेताओं के नामों की घोषणा की।
  - **देश भर से कुल 139 लोगों** को विभिन्न श्रेणियों में **सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों के लिये चुना** गया।
- **पद्म विभूषण पुरस्कार:**
  - **'बिहार कोकिला'** के नाम से प्रसिद्ध गायिका शारदा सिन्हा **को उनकी असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिये** मरणोपरांत सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार **पद्म विभूषण से सम्मानित किया जाएगा।**
- **पद्म भूषण पुरस्कार:**
  - बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री **सुशील कुमार मोदी को सार्वजनिक मामलों के क्षेत्र में मरणोपरांत पद्म भूषण के लिये चुना गया है।**
  - देशभर में पद्म भूषण पाने वाले 19 लोगों में वे बिहार से एकमात्र व्यक्ति हैं।
- **पद्म श्री पुरस्कार:**
  - प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्त्ता और **महावीर संस्थान के संस्थापक किशोर कुणाल को पद्मश्री पुरस्कार** प्रदान किया जाएगा।
  - **बिहार से पद्मश्री प्राप्त करने वाले अन्य लोगों में शामिल हैं:**
  - सामाजिक कार्य में **भीम सिंह भावेश,**
  - **हेमंत कुमार को** चिकित्सा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिये,
  - कला क्षेत्र में योगदान के लिये **निर्मला देवी,**
  - आध्यात्म में **विजय नित्यानंद सूरिश्वर जी महाराज।**




PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/padma-awards-2025